आई टी एल पब्लिक स्कूल

पुनरावृति अर्धवार्षिक परीक्षा कार्यपत्रिका (2026-27)

विषय- हिंदी

दिनांक ः

कक्षा ः पंचम ____

समय ः 2 घंटे

कुल अंक ः 50

नाम ः _____

रोल नंबर ः ______

सामान्य निर्देश- 1) इस अभ्यास कार्यपत्रिका में 3 पृष्ठ , 4 भाग और कुल 15 प्रश्न हैं।

2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क - पठन कौशल | 5 |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>एक दिन राजा दशरथ शिकार पर गए।जंगल में उन्होंने एक आवाज़ को सुनकर, बिना देखे ही तीर चला दिया।तीर जाकर श्रवण कुमार को लगा, जो पास के एक तालाब से अपने माता-पिता के लिए पानी भर रहा था। वह अपने अंधे माता-पिता का इकलौता पुत्र था। यह जानकर राजा दशरथ को अपने किए पर बहुत पछतावा हुआ। वे लोटे में पानी लेकर श्रवण के माता-पिता के पास पहुँचे। आहट सुनकर श्रवण के माता-पिता बोले, "आ गए बेटा! बहुत देर कर दी प्यास से गला सूख रहा है। लाओ पानी पिला दो।" राजा दशरथ ने कोई उत्तर नहीं दिया और पानी का लोटा श्रवण के माता-पिता के मुँह से लगा दिया। पिता ने दशरथ का हाथ छुआ और बोले, "तुम कौन हो? दशरथ घबरा गए और पानी का लौटा उनके हाथ से छूट गया और उन्होने सारी बात श्रवण के माता -पिता को बता दी। अपने पुत्र की मूत्यु की खबर सुनकर वे बहुत रोए और राजा दशरथ ने उनसे माफी माँगी। | |
| | क) एक दिन राजा दशरथ कहाँ गए ?<br>अ)शहर में (ब)जंगल में (स)शिकार पर (द)नदी पर | |
| | ख) शिकार के समय राजा दशरथ का तीर किसे लगा ?<br>अ)पानी में (ब) श्रवण को (स)लोटे को (द)हाथ को | |
| | ग) पानी का लौटा किसके हाथ से छूट गया ?<br>अ) श्रवण कुमार के (ब)माता के (स)दशरथ के (द)पिता के | |
| | घ) श्रवण नदी किनारे क्या कर रहा था ? | |
| | ङ) राजा दशरथ ने किससे माफी माँगी और क्यों? | |

| | भाग ख - भाषा कौशल | 20 |
|---|---|---|
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) कामना (ख) पर्वत (ग) खग (ख) वसुधा | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों का भेद लिखिए।<br>क) <u>रमजान</u> के तीस दिनों के बाद ईद मनाई जाती है।<br>ख) अच्छा कार्य न करने पर अध्यापक ने अमित की <u>निंदा</u> की।<br>ग) मैंने <u>बचपन</u> में हाथी देखा था।<br>घ) पहाड़ों की <u>चढ़ाई</u> बहुत कठिन होती है। | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित रिक्त स्थानों को कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्द के अनुसार भरें।<br>क) हिमालय पर्वत की ________ बहुत ज़्यादा है। (भाववाचक संज्ञा)<br>ख) हमें अपने ________ की देखभाल करनी चाहिए। (जातिवाचक संज्ञा) | |
| प्रश्न 5 | दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।<br>(क) आँख (ख) माता<br>(ग) युवा (घ) मेज़ | |
| प्रश्न 6 | कोष्ठक में दिए गए शब्दों के वचन बदलकर रिक्त स्थान में लिखिए।<br>(क) भारत में समय समय पर कई________ आती हैं। ( ऋतु )<br>(ख) ________ आपस में खेल रहे हैं। (बच्चा)<br>(ग) बाज़ार से सारी ________ले आना । (दवाई)<br>(घ) कक्षा के ________आपस में चर्चा कर रहे हैं। (छात्र) | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखें।<br>क) हम सब लिफ्ट से ऊपर जाएँगे। (भूतकाल)<br>ख) चिड़िया अपने बच्चों के साथ रहती थी। ( भविष्यत् काल)<br>ग) परिवार के सब लोग मेले में गए थे। (वर्तमान काल) | |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें।<br>(क)रमीला ने फूलदान ______ दिया।<br>(ख)शशांक ने गीत ________।<br>(ग)सीमा ने अर्चना को पत्र ________<br>(घ)पूजा ने पूनम को केक ________ । | |
| प्रश्न 9 | निम्न वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के काल लिखें। | |

| | | |
|---|---|---|
| | क)सबने पाठ पढ़ लिया था।<br>ख)मेरे चाचाजी आ रहे हैं।<br>ग)माताजी बच्चों को अख़बार पढ़ा रही है।<br>घ)छुटटियों में हम सब मुंबई जाएँगे। | |
| | भाग ग - साहित्य कौशल | **20** |
| प्रश्न **10** | नीचे दी कविता की पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>घटता बढ़ता रोज़ किसी दिन ऐसा भी करता है<br>नहीं किसी की आँखों को दिखलाई पड़ता है।<br>अब तू ही बता, नाप तेरी किस रोज़ लिवायें,<br>सी दे एक झिंगोला जो हर रोज बदन में आए।<br>क) किसका आकार रोज़ घटता बढ़ता रहता है?<br>ख) इन पंक्तियों के कवि व कविता का नाम लिखिए।<br>ग) चाँद की माताजी क्यों परेशान हैं?<br>घ) दी गई पंक्तियों में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढकर लिखिए। | |
| प्रश्न **11** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में दीजिए।<br>क) चाँद अपनी माँ से क्या सिलवाने की ज़िद कर रहा है और क्यों?<br>ख) कौन सुंदरिया को बेचने से झिझक रहा था व क्यों?<br>ग) लेखक ने अपने घरवालों के क्रोध का कारण क्या बताया है?<br>घ) सेठ हीरासिंह की गाय को देखकर क्यों प्रसन्न हुआ? | |
| प्रश्न **12** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **40-50** शब्दों में दीजिए।<br>क) मेरा बचपन पाठ में से किन्ही दो खेलों का नाम बताते हुए उनके अंतर भी लिखिए।<br>ख) हीरासिंह का बेटे का नाम क्या था ?वह गाय को मौसी कह कर क्यों पुकारता था? | |
| प्रश्न **13** | वाक्य पढ़कर बताइए किसने, किससे कहा?<br>(क) " गाय की नौकरीपर मुझे लगा दीजिए।"<br>(ख) " मैं तो पहले ही दुह चुका हूँ।" | |
| प्रश्न **14** | तथ्यों को सही करके वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) दो बजे से पात्रों की मिलावट शुरु हो जाती थी।<br>(ख) लेखक के गाल पर गिल्ली का दाग आज तक बना हुआ हैं। | |
| | भाग घ - लेखन कौशल | |
| प्रश्न **15** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **120** से **150** शब्दों मे अनुच्छेद लिखें।<br>योग रखे निरोग<br>या<br>आदर्श विद्यार्थी | |